युवाओं को मिले संवैधानिक अधिकारों का संदेश

निवाली। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पद्मश्री स्वर्गीय कांता बहन त्यागी शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ तावड़े द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद मानवाधिकार दिवस के ऐतिहासिक महत्व और संयुक्त राष्ट्र द्वारा 10 दिसम्बर 1948 को स्वीकृत सार्वभौम मानवाधिकार घोषणा-पत्र की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रो अनारसिंह किराडे, डॉ पीसी किराड़े, डॉ चांदनी गोले ने भी सम्बोधित किया। प्रतिभागियों ने मानवाधिकारों का महत्व, आज के समय में मानवाधिकारों की चुनौतियां भारत में मानवाधिकार और संविधान, युवा और मानवाधिकार संरक्षण की भूमिका जैसे विषयों पर प्रभावी और सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के भाषा कौशल, विषय-वस्तु की गहराई, प्रस्तुति क्षमता और तर्कों की स्पष्टता के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में सुनील जाधव ने प्रथम स्थान लक्ष्मी जाधव, कमलेश डुडवे ने द्वितीय स्थान तथा नवीन चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त विजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ राकेश जाधव, डॉ सुल्तान मोरे, डॉ बीएस चौहान, प्रो मनीष किराड़, प्रो नीलम डावर, प्रो नवलसिंह बर्डे, डॉ सुधा टेटवाल, डॉ शारदा खरते, डॉ प्रताप बर्डे, प्रो किशन पवार, तुकाराम निगवाले, रवि नामदेव, तुकाराम सोलंकी, गोरव सोनी, करण बामनिया एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विश्व मानव अधिकार दिवस पर परिचर्चा

सेंधवा। प्राचार्य जीएस वास्कले के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिसंबर विश्व मानव अधिकार दिवस पर प्रश्न मंच एवं परिचर्चा कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ संगीता परमार ने बताया कि मानव अधिकार को सिर्फ जानना ही नहीं बल्कि उन्हें प्राप्त करने के लिए लड़ना भी है। प्रोफेसर सायसिंग अवस्या ने मौलिक अधिकारों में मानव अधिकार की भूमिका को बताया। प्रोफेसर डॉ एमएल अवाया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा सत्य, निष्ठा व ईमानदारी जैसे नैतिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात कर मानवधिकारों को समाज में प्रसारित करना चाहिए। इस अवसर पर ऑनलाईन प्रश्नमंच रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय के विद्यार्थी दीपक खरते बी, अंतिम वर्ष प्रथम स्थान, सन्नी सूर्यवंशी बीकॉम अंतिम वर्ष द्वितीय स्थान और सुनील चौहान बीए द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर राजेश नावडे, प्रोफेसर परम सिंह बरडे, प्रोफेसर डॉ मीतू मोतीयानी, प्रोफेसर डॉ अख्लाक मोहम्मद खान व अन्य महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

इंडिया टीम में सिलेक्शन

इंडिया क्रिकेट पेरा टीम में खेलेंगे पानसेमल के जितेंद्र वाघ

पानसेमल, (नवभारत)।

तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरतलाई में एक दिव्यांग युवा क्रिकेट खिलाड़ी जितेंद्र विनोद वाघ का भारतीय क्रिकेट की पेरा टीम में सिलेक्शन हुआ है। जो रांची में नेपाल इंटरनेशनल टी-20 के 3 मैचों की श्रृंखला में भाग लेंगे। जितेंद्र वाघ के परिवार में माता-पिता सहित 3 छोटी बहने एवं 1 छोटा भाई है। पिता मोटर वाइंडिंग का कार्य करते हैं। बचपन से ही जितेंद्र वाघ का जीवन संघर्ष भरा रहा है। आर्थिक समस्याओं से जुझते हुए उन्होंने होटलों सहित निजी संस्थानों में भी कार्य किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों व क्षेत्र में हर्ष जताया है।

कमजोरी को बनाया अपनी ताकत

बचपन में ही पोलियो के कारण हाथ पूर्ण रूप से कार्य नहीं कर पाने से अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बनाया और लगातार प्रैक्टिस कर क्रिकेट के खेल में पारंगत हुए। भगवत गीता को आदर्श मानते हुए हरिवंशराय बच्चन की कविता लहरों से डरकर नौका पर नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती से प्रेरित होकर उन्होंने लगातार क्रिकेट ग्राउंड पर मेहनत की जिसके बाद वे इस मुकाम पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि करीब 4 से 5 वर्ष पूर्व बड़वानी जिले के तत्कालीन कलेक्टर अमित तोमर द्वारा उन्हें क्रिकेट की कीट खरीद कर दी गई थी। जिसके बाद अब भी उसी कीट से वे प्रेक्टिस कर यहां तक का सफर तय किया है। परिवार के सदस्यों ने अपील की है क्षेत्र की ऐसी प्रतिभाओं को सहयोग कर आगे लाने का कार्य किया जाए।

जितेंद्र वाघ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के करीब 40 मैचों में भाग ले चुके हैं। भारतीय क्रिकेट पैरा टीम में मुख्य रूप से स्पिन बॉलर और मीडिल ऑडर बैट्समैन के तौर पर वे शामिल हुए हैं। लगान फिल्म में क्रिकेट

संघर्ष भरा रहा जीवन

- बचपन से ही जितेंद्र वाघ का जीवन संघर्ष भरा रहा है।
- होटलों सहित निजी संस्थानों में भी किया कार्य।

इच्छापूर्ति गणेश मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव प्रारंभ

पानसेमल। ग्राम जलगोन में इच्छापूर्ति गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश की 3 दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ बुधवार से हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्याम बरडे सहित श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लिया। ग्राम जलगोन के सभी ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित धार्मिक उत्सव के दौरान पूरा ग्राम भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक आस्था से सराबोर दिखाई दिया। वेद मंत्रों की पवित्र ध्वनि, कलश यात्रा की मनोहर शोभा और श्रद्धालुओं के उमंग भरे भावों ने पूरे वातावरण को पूर्णत:दिव्यता से भर दिया। उज्जैन निवासी वेदाचार्य पंडित मनोज दवे द्वारा पवित्र मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से प्रतिमा स्थापना की जाएगी। ग्राम के मुख्य मार्गों से गरबे की धुन एवं धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु झुमते नजर आए।

मिसाल प्रोजेक्ट के तहत हुई प्रतियोगिता

पानसेमल। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग और ओएसिस मूवमेंट की साझेदारी से मिसाल प्रोजेक्ट अंतर्गत बीए, बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित 3 चरणों की प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी के मार्गदर्शन में हुआ। प्रथम चरण निबंध प्रतियोगिता में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मूल्यांकन डॉ आशा चौहान, प्रो वंदना यादव और डॉ राजेश दिवाकर ने किया। द्वितीय चरण समूह संवाद में 30 में से 24 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। निर्णायक के रूप में डॉ निशा वास्कले, डॉ राजेश दिवाकर और प्रो अभिनव पांडे उपस्थित रहे। तृतीय चरण में 11 विद्यार्थियों ने गांव में एक दिवसीय फील्ड वक्र किया और सामाजिक मुद्दों पर कार्य कर अपने नेतृत्व व सर्वेक्षण कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रतिभागियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया, जिसमें निर्णायक डॉ सुभाष मंडलोई, प्रो अभिनव पांडे और प्रो हेरी बर्डे रहे। तृतीय चरण में चयनित विद्यार्थियों को ओएसिस मूवमेंट गुजरात में आयोजित 15 दिवसीय आवासीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में नि:शुल्क भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन मिसाल प्रोजेक्ट नोडल अधिकारी डॉ मंजुला चौहान द्वारा किया गया। आयोजन में महाविद्यालय स्टॉफ ने सहयोग किया।

कलेक्टर ने दिए निर्देश

बड़वानी। कलेक्टर जयति सिंह ने कलेक्टोरेट सभागृह में आयोजित नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी जिला व विखं कार्यक्रम अन्तर्गत सूचकांकों की समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी स्क्रीनिंग में वृद्धि करने और टीबी स्क्रीनिंग के मामलों में शत प्रतिशत कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करने पर जोर दिया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे, डीपीओ महिला एवं बाल विकास आरएस गुंडिया, डीपीसी प्रमोद शर्मा व अधिकारी उपस्थित थे।

बुरहानपुर को हराकर बड़वानी ने जीता संभाग स्तरीय खिताब

सेंधवा, 11 दिसम्बर

इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, ग्राम चाटली (सेंधवा) में मंगलवार को अंतर जिला संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बुरहानपुर, खरगोन, खंडवा, अलीराजपुर और बड़वानी, कुल पांच जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़वानी विजेता और बुरहानपुर उपविजेता रहा। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग और क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता की शुरुआत संस्था की संचालिका पुष्पलता पांडेय, सेंधवा नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन जोशी और प्राचार्य डॉ इम्तियाज मंसूरी ने की। इस अवसर पर मोहन जोशी ने कहा कि प्रतियोगिता छात्रों को बड़ा प्लेटफॉर्म देती है और पढ़ाई के साथ शरीर को स्वस्थ भी रखती है। पहला मैच खंडवा और खरगोन के बीच हुआ, जिसमें खरगोन जीता। इसके बाद पहला सेमीफाइनल खरगोन और बड़वानी के बीच हुआ, जिसमें बड़वानी विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल बुरहानपुर और अलीराजपुर के बीच खेला गया, जिसमें बुरहानपुर जीता। फाइनल मुकाबला बड़वानी और बुरहानपुर के बीच हुआ, जिसमें बड़वानी की टीम ने बुरहानपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि, थाना प्रभारी सेंधवा बलजीत सिंह बिसेन ने खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बलजीत सिंह बिसेन और मोहन जोशी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां सौंपी और डॉ माधुरी पालीवाल प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

राज्य और विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व के लिए टीम का चयन किया गया। चयन समिति के संयोजक सहायक प्राध्यापक शोभाराम सोलंकी थे। मैच रेफरी राहुल और अनिल जाधव का भी योगदान रहा।

यह रहे शामितल

समिति में सुषील महेश्वरी, बुरहानपुर, संतोष भालसे, खंडवा, प्रकाश इंगले, बुरहानपुर और डॉ आकाश गाडगे, बड़वानी शामिल रहे।

एक नजर में

यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्र पर हमला, सिर में आई चोट

इंदौर. सेज यूनिवर्सिटी के पास दो छात्रों ने एक युवक को गालियां देकर हमला कर दिया. इसमें उसे सिर पर चोट आई है. जाते-जाते हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर सेज यूनिवर्सिटी परिसर के पास एम ब्लॉक, आईएमएस गेट के समीप 18 वर्षीय प्रशांत यादव के साथ मारपीट की घटना हुई. प्रशांत, जो मूलत: ग्राम खेरिया, तहसील करहल, जिला मैनपुरी (उप्र) का निवासी है और वर्तमान में यूनिवर्सिटी हॉस्टल में रहता है, अपने दोस्तों आयुष परमार, अंश परमार और अंशुल ठाकुर के साथ खड़ा था. इसी दौरान लगभग 12.30 बजे कुनाल जाट और हर्षित चौधरी वहां पहुंचे और प्रशांत पर उनके बारे में गलत बातें फैलाने का आरोप लगाते हुए गालियां देने लगे. प्रशांत द्वारा विरोध करने पर दोनों ने उस पर लात-घूंसों से हमला कर दिया. मारपीट के दौरान हर्षित के हाथ में पहने कड़े से प्रशांत के सिर के पीछे चोट लग गई, जिससे खून बहने लगा. उसके साथ मौजूद दोस्तों ने बीच-बचाव कर स्थिति संभाली. पीड़ित ने पुलिस को यह भी बताया कि वह जाते-जाते धमकी देकर बोले कि अगर आगे उनके बारे में कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे. पुलिस ने प्रशांत की शिकायत पर कुनाल जाट और हर्षित चौधरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.

पत्नी की हत्या कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

इंदौर. बेटमा थाना क्षेत्र में पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर भागे एक आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटों में भोपाल से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर पुलिस ने दो टीमों को लगाया था. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. थाना प्रभारी मीना करनावत ने बताया कि घटना ग्राम घाटाबिल्लौद स्थित फेमस विला कॉलोनी की हैं, यहां सोमवार देर रात एक महिला की हत्या की घटना सामने आई थी. प्रारंभिक जांच में पता चला कि 37 वर्षीय मनोज पंथी निवासी जेपी नगर, भोपाल ने घरेलू विवाद के दौरान पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया. मामले की गंभीरता देखते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही टीमों ने टेक्निकल और फील्ड इनपुट के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए आरोपी के भोपाल पहुंचने की जानकारी जुटाई. कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने मनोज पंथी को जेपी नगर, थाना गोमती नगर, जिला भोपाल से गिरफ्तार कर लिया. शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने वारदात स्वीकार की है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

निर्माणाधीन मकान में घुसकर चौकीदारों पर किया हमला

इंदौर. राऊ क्षेत्र में आधी रात एक निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी कर रहे दो लोगों पर युवकों के समूह ने हमला कर दिया. गाली-गलौज के बाद डंडे से मारपीट की गई और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई. राऊ थाना क्षेत्र में देर रात सिल्वर स्टार सिटी, चांद गेट के पास हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पवन राठौर, पियुष राठौर और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. शिकायतकर्ता 23 वर्षीय लक्ष्मी पवार ने पुलिस को बताया कि वह अपने पिता शिवा पवार के साथ निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी कर रही थीं. इसी दौरान सामने रहने वाला चौकीदार भैय्यू चौहान किसी विवाद में उलझा हुआ था, तभी पवन और पियुष अपने साथियों के साथ पहुंचे और उसे गाली-गलौज कर लकड़ी के डंडे से पीट दिया. शोर सुनकर लक्ष्मी और उनके पिता बाहर आए तो आरोपियों ने उन्हें भी गालियां देते हुए मारपीट की और चोट पहुंचाई. जाते-जाते धमकाया कि अगर दोबारा बीच में आए तो सभी को जान से खत्म कर देंगे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

गाड़ी खड़ी करने के विवाद में युवक पर हमला

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. घर के बाहर वाहन खड़ा करने पर तीन युवकों ने एक युवक पर हमला कर सिर फोड़ दिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि घटना सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे की है. पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह घर के बाहर अपनी गाड़ी पार्क कर रहा था, तभी पड़ोसी रोहन आया और गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर उसका साथी जितेन्द्र मौके पर आ गया और उसने मुक्कों से हमला कर दिया. इसी दौरान रोहन ने हाथ में पहने कड़े से वार किया, जिससे पीड़ित के सिर में चोट लगी और खून बहने लगा. हमलावर वहां से जाते-जाते धमकी देकर गए कि अगर आगे गाड़ी यहां खड़ी की तो जान से खत्म कर देंगे. मामले में पुलिस ने फरियादी दीपक भीलाला की रिपोर्ट पर रोहन और जितेन्द्र सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई में कर रही है.

भाजपा नेता को धमकी देने वाले चार आरोपी पकड़े

इंदौर. तिलकनगर क्षेत्र में महिला से मारपीट बीच-बचाव के लिए अपने घर से बाहर निकले भाजपा नेता को धमकाने के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को पकड़ा है. दो बालिग आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें जेल भेज दिया, जबकि दोनों नाबालिगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है.

घटना संविदनगर सब्जी मंडी के पास की है. दो दिन पहले भाजपा नेता राजा कोठारी अपने घर पर थे, तभी बाहर से एक महिला हेमलता की चीख पुकार सुनाई दी. बाहर निकलकर उन्होंने देखा कि कुछ युवक महिला से मारपीट कर रहे थे. कोठारी ने बीचबचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दे डाली. घटना की रिपोर्ट तिलकनगर थाने में दर्ज होते ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई. पुलिस ने सुमित बौरासी और सुनील बौरासी को गिरफ्तार कर थाना क्षेत्र में उनका जुलूस निकाला. इसके बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया. वहीं दो अन्य आरोपी नाबालिग पाए गए. पुलिस ने उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है.

जीपीओ चौराहे पर दो स्कूली वाहन टकराए, दो बच्चे घायल

इंदौर. जीपीओ चौराहे पर सुबह स्कूली बच्चों को ले जा रहे एक ऑटो और मारुति ईको की भिड़ंत से हड़कंप मच गया. इसमें दो बच्चों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें परिजन अस्पताल ले गए. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, जबकि घटना ने एक बार फिर स्कूली वाहनों की ओवरलोडिंग और लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं.



सुबह करीब आठ बजे जीपीओ चौराहे पर सेंट्रल स्कूल के बच्चों से भरी ईको वैन और एक अन्य निजी स्कूल के बच्चों को ले जा रहा ऑटो आपस में भिड़ गए. हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई. वैन में बैठे दो बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें उनके परिजन तुरंत अस्पताल ले गए. दूसरी ओर, ऑटो में पीछे बैठे बच्चों के बीच स्कूली बैग टंगे होने से टक्कर का असर कम हुआ और किसी बच्चे को चोट नहीं आई. संयोगितागंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूल प्रशासन व बच्चों के परिजन को हादसे की सूचना दी. पुलिस ने दोनों वाहनों के चालकों से पूछताछ शुरू कर दी है. चौराहे पर सुबह का व्यस्त ट्रैफिक होने के चलते कुछ देर के लिए जाम जैसी स्थिति भी बनी.

लोडिंग वाहन पलटा, बाल-बाल बचे दोपहिया चालक

इंदौर. पुराने शहर में चंद्रभागा से भाट मोहल्ला और सरवटे से गंगवाल तक की सड़कों की बदहाली अब सीधे हादसों की वजह बन रही है. जगह-जगह गड्ढे, अधूरी खुदाई और उखड़ा हुआ डामर रोजाना दोपहिया चालकों की जान से खेल रहा है. दोपहर में भाट मोहल्ला रोड पर एक लोडिंग वाहन असंतुलित होकर पलट गया, गनीमत रही कि उस समय वहां से गुजर रहे बाइक सवारों को चोट नहीं लगी.

घटना चंद्रभागा से भाट मोहल्ला की ओर जाने वाली सड़क पर हुई, जो लंबे समय से उखड़ी पड़ी है. रोड पर जगह-जगह गड्ढे हैं, जिनमें आसपास का पानी और मिट्टी भरकर अब और भी खतरा बढ़ा रहे हैं. स्थानीय रहवासी बताते हैं कि खराब सड़क के कारण आए दिन वाहन फिसलते हैं, दोपहिया सवार गिरकर घायल होते हैं, लेकिन निगम के अफसरों ने शिकायतों के बाद भी अभी तक सुध नहीं ली.

दूसरी ओर कलालकुई सरवटे से गंगवाल की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति भी कम खतरनाक नहीं है. रावजी बाजार से चंद्रभागा तक डामर उखड़ा हुआ है, कई हिस्सों में तो सड़क की परत ही गायब हो चुकी है.

मस्जिद की तरफ जाने वाला मार्ग कई दिनों से खोदकर छोड़ दिया है. पाइप लाइन और खुदाई के बाद गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया, जिससे पूरी पट्टी पर कीचड़ और उबड़-खाबड़ सतह बनी हुई है. भाट मोहल्ला रोड पर तो हालात और बदतर हैं. सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढों में वाहन उछलते रहते हैं. आज दोपहर इसी रोड से गुजर रहा एक बड़ा लोडिंग वाहन गड्ढे में उछलकर असंतुलित हो गया और बीच सड़क पलट गया. हादसे के समय वहां कई दोपहिया वाहन चालक भी गुजर रहे थे, लेकिन संयोग अच्छा रहा कि कोई सीधे वाहन की चपेट में नहीं आया और एक बड़ा हादसा टल गया.

फर्जी नम्बर प्लेट के साथ चैकिंग में पकड़ाया चोर

नव भारत न्यूज

इंदौर. यातायात पुलिस की चैकिंग के दौरान एक चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल पकड़ी गई. नो एंट्री पॉइंट पर मंगलवार सुबह वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी एक बाइक संदिग्ध लगने पर रोकी, जिसमें वाहन पर लगी नंबर प्लेट गलत होने पर चेक किया तो पाया यह वाहन चोरी का है.

यातायात पुलिस के अनुसार, भंवरकुआ चौराहे के पास सूबेदार अशोक भार्गव और आरक्षक संदीप जाट, देवी सिंह और पवन अंब के साथ चैकिंग कर रहे थे, इसी दौरान एक बुलेट सवार को रोका, शंका होने पर मोटरसाइकिल के चेसिस नंबर का मिलान कराया, जो नंबर प्लेट से मेल नहीं खा रहा था. इसके बाद पीओएस मशीन से जांच की तो वाहन का वास्तविक नंबर एमपी 09 वीवी 3026 पाया गया.

एक नजर में अतिक्रमण विकास में बाधक तो है ही, जनता को भी होती है परेशानी

कुछ कर्मचारी-अधिकारी ही देते हैं अतिक्रमण को बढ़ावा

इंदौर. जहां एक ओर नगर निगम विकास के कार्य करता है, वहीं दूसरी ओर कुछ अधिकारी और कर्मचारी नियमों की अनदेखी कर या रिश्वत लेकर अतिक्रमण को बढ़ावा देते हैं, जिससे विकास कार्यों में बाधा आती है और जनता को परेशानी होती है. यह एक आम समस्या है, जिस पर सरकार और प्रशासन भी मौन रहते हैं.

इसी तरह का अवैध अतिक्रमण का एक मामला मालवा मिल क्षेत्र से सामने आया है. मालवा मिल से पाटनीपुरा जाने वाले मार्ग पर एक वर्षों पुरानी और संकरी पुलिया को इसलिए तोडक़र नई और चौड़ी बनाई गई, ताकि आम जन और वाहन चालकों को सुविधा मिल सकें. इस पुलिया के निर्माण में जो लाखों रुपया खर्च हुआ, वह तो जनता का ही है, साथ ही पुलिया निर्माण के समय एक वाहन चलक की दुर्घटना से मृत्यु भी हो चुकी है, तब जाकर यह पुलिया बनी है. अब इस पर नो-पार्किंग और व्यापार न करने जैसे कड़े नियम भी हैं, लेकिन पुलिसकर्मी और निगमकर्मी नियम की आड़ में अपनी जेब गर्म कर सरकारी संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण करवा रहे हैं. पुलिया पर कुछ चार पहिया वाहन पार्किंग होते हैं और तो और सब्जी वाले हाथ ठेला लिए पुलिया के आधे हिस्से की सडक़ के बीच खड़े होकर सब्जी बेचते रहते हैं और यह सब होता है सरकारी जिम्मेदार कर्मचारियों के सामने. लोगों का कहना है कि दिन भर के 100-50 रुपए के लालच में कर्मचारी इन पथ विक्रेताओं को अतिक्रमण की इजाजत दे देते हैं, जनता परेशान होते रहती है.

इनका कहना है...

शहर में देखने में आया है कि जहां सडक़ चौड़ीकरण के बाद वहां पथ विक्रेताओं का कब्जा हो जाता है, उसी तरह मालवा मिल पुलिया पर भी कब्जा हो चुका है.

- राहुल चौहान

सडक़ चौड़ी इसलिए की जाती है, ताकि यातायात सुगम हो, लेकिन हर जगह अतिक्रमण की बीमारी है. इतनी सख्ती होने के बावजूद फुटपाथ तो दूर सडक़ पर ही अतिक्रमण की हिम्मत कैसे होती है.

- संतोष सोनोने

आज शहर का यातायात विस्फोटक स्थिति में है. हर तरफ लोग जाम से जूझते दिखाई देते हैं. मालवा मिल क्षेत्र का तो और भी बुरा हाल है. अतिक्रमण के कारण चलने के लिए सडक़ें छोटी पड़ रही हैं.

- अनिल बेंडवाल